संविधान रक्षा मार्च में दतिया से शामिल होंगे कार्यकर्ता : सिंह

दतिया जिला कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां



नवभारत न्यूज

दतिया, 23 नवम्बर। 26 नवंबर को जबलपुर में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय संविधान रक्षा मार्च एवं वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारियों को लेकर को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दतिया जिला कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन पर बैठक आयोजित कर कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई बैठक में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अशोक सिंह उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने की बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी दशरथ सिंह गुर्जर, दतिया विधायक घनश्याम सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र बौद्ध, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त सचिव बद्री समाधिया सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर ने किया बैठक में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने, कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा आज हर कांग्रेस कार्यकर्ता का संकल्प है। दशरथ सिंह गुर्जर ने कहा 26 नवंबर को जबलपुर में आयोजित संविधान रक्षा मार्च एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही यह अभियान सफल होगा।

दतिया विधायक घनश्याम सिंह कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है गांव-गांव में बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ जुटें ताकि जबलपुर में आयोजित संविधान रक्षा मार्च ऐतिहासिक और सफल बन सके जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने कहा मतदाता सूची से पात्र लोगों के नाम काटना उनके लोकतांत्रिक अधिकारों पर चोट है,जिसे कांग्रेस पूरी ताकत से रोकेगी।

इस अवसर पर महेंद्र बौद्ध, बद्री समाधिया, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर, सरनाम सिंह राजपूत, रामकिंकर गुर्जर, सूर्य प्रताप दाऊ, अजय शुक्ला, पाती राम फौजी, रज्जन भाई, प्रमोद कुशवाहा, गगन गुप्ता, स्वामी कुशवाहा, शंभू गोस्वामी, देशराज कुशवाहा, लक्ष्मन यादव, संजय राणा, जनवेद कुशवाहा, बीएल केन, रामदास उत्साही, डॉ राकेश खरे, पुष्पराज राजपूत, जामवंती दादोरिया, महिपाल सिंह गुर्जर, शिरोमणि सिंह सोलंकी, प्रदीप गुर्जर, रामकुमार मोंगिया, सोनू चौहान, केपी यादव, रवि यादव आदि उपस्थित रहे।

मंदिरों व गुरुद्वारों में होंगे कीर्तन, अरदास व लंगर

श्री गुरुनानक देव जी महाराज जयंती आज



नवभारत न्यूज

दतिया, 23 नवम्बर। हर वर्ष की तरह आज सिख धर्म के संस्थापक व पहले गुरु श्री गुरुनानक देव जी महाराज जी का 557वाँ जन्म उत्सव आज 24 नवंबर को भारत देश के साथ पुरे विश्व मे एक साथ बड़े ही हर्षोल्लास व धूम धाम व श्रद्धा भाव के मनाया जावेगा दतिया मे भी श्री गुरुनानक देव जी महाराज जी का जन्म उत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा।

उल्लेखनीय है की जन्म उत्सव के पावन अवसर अवसर पर विगत दो सप्ताह से संत हजारी राम अखण्ड ज्योति मंदिर एवं सिंधी समाज के अन्य मंदिरों एवं गुरुद्वारों से निकाली जा रही प्रभात फेरियो का आज एक विशाल सामूहिक रूप मे फेरी का आयोजन कर प्रात: 5 बजे अखण्ड ज्योति मंदिर से प्रारम्भ होकर बाबा धर्म दास दरबार के श्रद्धालुओं के साथ होकर एकसाथ गुरुद्वारा प्रेस दरबार पर जावेगी एवं कीर्तन अरदास पश्चात् पुन: वापस आपने गतंव्य की और प्रस्थान कर समापन होगा। तत्पश्चात सभी मंदिरों गुरुद्वारों आदि जगहों पर भजन कीर्तन, अरदास आदि के साथ साथ सामूहिक लंगर भंडारे का आयोजन होगा।

विद्यार्थी देश का भविष्य हैं : खरे

दतिया/भाण्डेर, 23 नवम्बर। विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। उन्हें स्वयं नशे से दूर रहकर अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में योगदान देना चाहिए। उक्त बात जागरूकता कार्यक्रम में जिला मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र खरे ने विद्यार्थियों के बीच कही। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने लगभग 250 छात्र-छात्राओं को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई तथा जागरूकता पंपलेट वितरित किए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कम से कम एक व्यक्ति को नशे की लत से बाहर निकालने के लिए प्रयास करें और नशामुक्ति अभियान का संदेश अपने परिवार एवं समाज तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

बाबा रतन दास की हत्या का किया खुलासा, आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

दतिया, 23 नवम्बर। दतिया में कारसदेव मंदिर झिरका बाग पर बाबा रतन दास गुर्जर की हत्या का सिविल लाइन पुलिस ने किया खुलासा। आरोपी 24 घंटे में सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी सिविल लाइन, निरीक्षक वैभव गुप्ता ने बताया कि 22 नम्बर को फरियादी लाल गुर्जर पुत्र रतन दास गुर्जर निवासी ग्राम लिधोरा थाना धीरपुरा ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट कर बताया कि पिता रतन दास बाबा कारसदेव मंदिर झिरका बाग दतिया पर पुजारी थे उनकी किसी ने हत्या कर दी है उपरोक्त रिपोर्ट पर से कथन साक्षियों एवं लाश पंचायतनामा के आधार पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी लला जोशी निवासी झिरका बाग दतिया द्वारा बाबा रतन दास से पैसे मांगे एवं पैसे ना देने पर बाबा रतन दास की ईंट के टुकड़ा से सर पर हमला कर बाबा की हत्या कर दी वह मंदिर से दान पेटी एवं बाबा की कुर्ती व कुर्ती में रखे पैसे लूट कर ले गया जिस पर से थाना सिविल लाइन पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी लला जोशी पुत्र प्रहलाद जोशी निवासी झिरका बाग दतिया को तत्परता से 22 नम्बर को गिरफ्तार किया जाकरआरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त ईट का टुकड़ा, लूटी हुई दान पेटी एवं 2500 रुपए जब्त किए हैं। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है।

कलेक्टर एवं एसपी ने गाया ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे

भजन संध्या में झूम उठे पुलिसकर्मी



दतिया, 23 नवम्बर। रतनगढ़ माता मंदिर में आयोजित दीपावली दौज लख्खी मेले को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने में दतिया पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों के सराहनीय योगदान के लिए पुलिस लाइन दतिया में विशेष आभार एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खंडेलवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं मनोरंजक गतिविधियों के साथ आयोजन किया गया।

इस दौरान मेले में ड्यूटी के दौरान कलेक्टर और पुलिसअधीक्षक सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने अपने अनुभव भी साझा किए तथा पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने मेले की बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के लिए कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े एवं पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल का आभार व्यक्त किया। भजन संध्या में दतिया कलेक्टर स्वप्रिल वानखेड़े एवं एसपी मयूर खंडेलवाल, एएसपी मनजीत सिंह चावला ने ष्ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गाना गाया तो पूरा माहौल खुशनुमा हो गया। कार्यक्रम में कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, जिला वनमंडल अधिकारी मोहम्मद नाज, अपर कलेक्टर भूपेंद्र सिंह, अति पुलिस अधीक्षक मनजीत सिंह चावला सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा मेले में उत्कृष्ट कर्तव्य निर्वहन करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके समर्पण, मेहनत एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

कल्कि धाम पर आयोजित सहस्त्रचंडी महायज्ञ में शामिल हुए विधायक



नवभारत न्यूज

दतिया, 23 नवम्बर। शहर की राजघाट कॉलोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर कल्कि धाम पर आयोजित चतुर्थ सहस्त्रचंडी महायज्ञ में सोमवार को दतिया विधायक घनश्याम सिंह शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने आश्रम की यज्ञशाला में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया तथा धाम परिसर में विराजित देवी देवताओं के दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं यज्ञ आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने संत जनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन त्यागी जी महाराज, रघुवर दास महाराज, विमल गुरुजी, जगमोहन दीक्षित, गोपाल, सुनील दीक्षित, शिवांश दीक्षित, शांतनु पुरोहित अभय चौबे, दिलीप दुबे राधावल्लभ दीक्षित आदि ने विधायक श्री सिंह का आत्मीय स्वागत किया।

मृगेश पुस्तकालय का 33वाँ वार्षिक समारोह आयोजित

साहित्यकार सम्मान समारोह एवं अ.भा. कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां



सेवढ़ा, 23 नवम्बर। मृगेश पुस्तकालय सेवढ़ा का 33वाँ वार्षिक समारोह देव उत्थान एकादशी के पावन अवसर पर साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप आयोजित इस समारोह में साहित्यकार सम्मान एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में बुंदेला शोध संस्थान के निदेशक एवं वरिष्ठ साहित्यकार विमल विश्वासी तथा पंडित श्रीराम बुधौलिया को साहित्यिक सम्मान से सम्मानित किया गया। मृगेश पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ. श्यामबिहारी श्रीवास्तव एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने दोनों साहित्यकारों को सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुरेश शर्मा पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. रामसिया सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य नरेंद्र कुशतवार, रामस्वरूप स्वरूप एवं अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम संयोजक राकेश श्रीवास्तव एवं अमित खरे तथा आयोजन समिति के सदस्यों ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र गुबरेले, पंकज सक्सेना, नारायण सक्सेना एवं दिलीप सक्सेना ने आमंत्रित कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर आयोजक एवं पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. श्यामबिहारी श्रीवास्तव ने मृगेश पुस्तकालय की 33 वर्षों की साहित्यिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन वर्षों से साहित्य और संस्कृति की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है। उन्होंने युवा पीढ़ी की लेखनी को अधिक प्रखर, सृजनात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने अपना एक प्रेरक गीत भी प्रस्तुत किया।

समारोह के द्वितीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद कवियों ने गीत, गजल, सवैया, व्यंग्य एवं विविध विषयों पर आधारित कविताओं का पाठ कर काव्य संध्या को यादगार बना दिया।

डॉ. संकल्प श्रीवास्तव ने अपने शानदार गीतों से श्रोताओं को प्रभावित किया। उनकी पंक्तियां 'जीवन को गीतों में ढाला, गीतों को जीवन में' विशेष रूप से सराही गईं। अमित खरे ने संवेदना से जुड़े गीत प्रस्तुत किए। रचना श्रीवास्तव ने किसानों की पीड़ा और संघर्ष को अभिव्यक्त करता अत्यंत भावुक गीत सुनाया।

प्रदीप श्रीवास्तव की गजलों एवं गीतों ने काव्य वातावरण को नई ऊंचाई प्रदान की। राकेश श्रीवास्तव ने प्रेम के छंदों के माध्यम से श्रोताओं को प्रेम की व्यापक और संवेदनशील परिभाषा से जोड़ा। निरंजन दत्त श्रोत्रिय 'जानू' ने अपनी गजलों से प्रभावित किया। वहीं नीरज शर्मा ने सवैया छंदों का प्रभावशाली पाठ किया। अनिल पुजारी ने अपने व्यंग्यों से श्रोताओं को गुदगुदाया, जबकि जयप्रकाश शर्मा एवं संजय शर्मा ने जनजीवन से जुड़ी कविताओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को स्वर दिया।

इस कवि सम्मेलन का विशेष आकर्षण तीन बाल प्रतिभाएं रहीं। संयोगिता श्रीवास्तव ने अपनी उत्कृष्ट कविता प्रस्तुत कर खूब प्रशंसा प्राप्त की। वहीं खुशी चतुर्वेदी एवं मान्यता खरे ने मंच पर पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर उपस्थित साहित्यप्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विनोद खरे, राजकुमार श्रीवास्तव, अभिलाख सिंह, हरिकिशोर, बद्री प्रसाद तिवारी, दीपक शर्मा, के एस सेन, डॉ. प्रदीप गुप्ता, महेश शर्मा, हरनारायण,अटल विश्वासी, अरविंद पाटकर, रवि श्रीवास्तव, प्रखर, किशोरी देवी, पूनम श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, उमा शर्मा आदि श्रोताओं की उपस्थिति रही



झलकारी बाई की 196वीं जयंती धूमधाम से मनाई

समाज के प्रतिभावान कर्मचारियों का हुआ सम्मान

दतिया, 23 नवम्बर। वीरांगना झलकारी बाई की 196वीं जयंती अ.भा. कोरी समाज के झलकारी बाई सामुदायिक भवन में धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीएसपी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पी.एल. लहरिया रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में चंदन सिंह पटवा, केशव वर्मा, आनंद आर्य, भांडेर कल्यान सिंह पटवा सहित एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष कल्याण सिंह शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने झलकारी बाई के जीवन, वीरता, साहस और देश के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उनके साहस, संघर्ष और देशभक्ति से प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर समाज के चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नत हुए कर्मचारियों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन पत्रकार राजेंद्र पटवा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विनोद धूपर पटवारी ने किया।

मोबाइल घर छोड़कर लाखों के जेवर चुराए, जूते ने खोली पोल

- गीली मिट्टी पर बने जूते के निशान से पुलिस ने दबोचा
- 20 लाख 75 हजार रुपए कीमती जेवर किए जब्त

एक महीने तक गोपनीय ढंग से रखी नजर

पुलिस ने पूछताछ के दौरान एक संदिग्ध को छोड़ दिया, लेकिन उस पर संदेह बना रहा. इसके बाद पुलिस टीम ने करीब एक महीने तक गोपनीय तरीके से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी. पर्याप्त जानकारी जुटाने के बाद दोबारा दबिश देकर उससे सख्ती से पूछताछ की गई. पूछताछ में आरोपी ने घर में घुसकर आभूषण चोरी करना स्वीकार कर लिया. पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश उर्फ शिब्बू पिता जगदीश शर्मा, निवासी मेन मार्केट अहमदपुर को गिरफ्तार कर लिया. उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के सभी आभूषण बरामद कर लिए गए.

नवभारत न्यूज

सीहोर 23 नवंबर. पुलिस की तकनीकी निगरानी से बचने के लिए चोर मोबाइल फोन घर पर छोड़कर वारदात करने निकला, लेकिन घटनास्थल की गीली मिट्टी पर बने जूतों के निशान उसकी गिरफ्तारी का अहम सुराग बन गए. करीब 20 लाख 75 हजार रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाले आरोपी तक पहुंचने के लिए अहमदपुर पुलिस ने सात दिन तक साक्ष्य जुटाए और फिर एक महीने तक गोपनीय निगरानी की. सुनियोजित पूछताछ में आरोपी ने चोरी कबूल कर ली. पुलिस ने उससे चोरी किए गए पूरे जेवरात बरामद कर लिए हैं.

मामला अहमदपुर कस्बे के नया बाजार मोहल्ले का है. फरियादी ललता प्रसाद दांगी ने 21 अक्टूबर को थाना अहमदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 अक्टूबर की रात 10 बजे से 21 अक्टूबर की रात 12.30 बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग चोरी कर ले गया.

घटना के समय परिवार नई बाइक खरीदने की खुशी में पूजा-पाठ और उत्सव में व्यस्त था. इसी का फायदा उठाकर चोर ने घर के पिछले हिस्से में लगे पाइप के सहारे ऊपर चढ़कर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया.

चोरी गए बैग में करीब 16 तोला सोना और 250 ग्राम चांदी के आभूषण रखे थे. इनकी बाजार कीमत करीब 20 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई. इतनी बड़ी चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई. एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी पीएन गोयल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अहमदपुर बीएल त्यागी के नेतृत्व में पुलिस ने जांच शुरू की. आरोपी ने सजगता बरतते हुए अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ दिया था. ऐसे में मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसकी पहचान करना आसान नहीं था. पुलिस ने शुरुआती सात दिन तक साक्ष्य जुटाए. घटनास्थल की गीली मिट्टी पर बने जूतों के निशान पुलिस के हाथ लगे. इन निशानों को जांच का महत्वपूर्ण आधार बनाते हुए संदिग्धों की तलाश और पूछताछ शुरू की गई.

आरोपी की धरपकड़ कार्रवाई में उपनिरीक्षक किरण राजपूत, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक अजय प्रताप सिंह, आरक्षक पवन वर्मा सहित तकनीकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहनीय कार्रवाई की प्रशंसा की है.

नशे के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी

सीहोर. नशा मुक्त समाज के निर्माण और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायालय के तत्वावधान में नालसा योजना के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में छात्राओं को नशा मुक्ति एवं विधिक जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई. जिला विधिक सहायता अधिकारी फारुख अहमद सिद्दीकी एवं चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल शरद जोशी ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी प्रभावित करता है.

ट्रिपल मर्डर का खुलासा करने पर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

बुधनी 23 नवंबर. नगर के बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड का महज 36 घंटे में खुलासा करने वाली बुधनी पुलिस टीम का विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया. कार्यक्रम में एसडीओपी रवि शर्मा, थाना प्रभारी सुनील ठाकुर सहित पुलिसकर्मियों को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.

उल्लेखनीय है कि तीन लोगों की निर्मम हत्या की घटना से पूरे नगर में सनसनी फैल गई थी. पुलिस टीम ने महज 36 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर अपनी तत्परता और कार्यकुशलता का परिचय दिया. पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई को नगरवासियों ने भी सराहा. विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने, कानून व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास कायम करने में पुलिस की भूमिका अहम है. कार्यक्रम में सुशील खत्री, राहुल राजपूत, भानु यादव, सोनू चौहान, बंटी गौर, विवेक राजपूत, जयराम मालवीय, नवल दावड़ा, शैलेंद्र परिहार, मनोरम व्यास, पप्पू विश्वकर्मा, राकेश मीणा, अरविंद दीक्षित, रमेश शर्मा, शेखर रजक, श्रवण गौर, विनोद राठौर, शुभम मालवीय, मोहित खत्री, सौरभ ठाकुर, हर्षित रैकवार मौजूद रहे.

विकास और निर्माण के कार्य समय पर पूरा करें : चौहान

रेहटी. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नगर परिषद के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई. बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने क्षेत्र में चल रहे एनएचएआई, रेलवे, सैनिक विद्यालय, ग्रामीण विकास, पंचायत, कृषि, उद्यानिकी तथा अन्य विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की. उन्होंने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए.

ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी

दतिया, 23 नवम्बर। ग्राम पंचायत रामसागर में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने ग्राम रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव हनुमंत यादव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

जारी नोटिस के अनुसार, जनपद पंचायत दतिया की ग्राम पंचायत रामसागर में गत 16 अक्टूबर को भ्रमण के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा योजना के तहत स्वीकृत 46 आवासों की समीक्षा की गई थी। इस दौरान मात्र 39 आवास ही पूर्ण पाए गए थे, जबकि 5 आवास तीसरी किस्त जारी होने के बाद भी अपूर्ण थे। संबंधित कर्मचारी को इन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद 23 नवंबर को गुगल मीट के माध्यम से की गई समीक्षा में पाया गया कि पिछले एक माह में ग्राम पंचायत रामसागर में आवास पूर्णता की प्रगति शून्य रही है। इसे वरिष्ठ कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना, कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए जिला पंचायत सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया है कि वह सात दिवस के भीतर आवास पूर्णता की अद्यतन प्रगति के साथ अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक प्रगति नहीं मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि इस लापरवाही के लिए संबंधित कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।